हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 288 | देहरादून, मंगलवार, 14 मई 2024 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 16



क्षेत्र के अंदर सकारात्मक माहौल बना कर कार्य करना चाहिए : सिद्धार्थ अग्रवाल 3

## तीन नए कानूनों पर पुलिस मुख्यालय में पीआईबी का वार्तालाप कार्यक्रम

# कानूनों का प्रशिक्षण आरंभ : डीजीपी अभिनव कुमार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून,14, मईदेहरादून PIB ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय के सरादर पटेल भवन में 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 विषय पर मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया।

पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा सोमवार को पुलिस मुख्यालय के सरादर पटेल भवन में एक जुलाई 2024 से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 विषय पर मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का आयोजन किया गया ।वार्तालाप के मुख्य अतिथि उत्तराखंड पुलिस के महानिदेशक अभिनव कुमार ने इस बावत पत्रकारों से चर्चा की । कार्यक्रम में पीआईबी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़ की मौजूदगी भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विशेष प्रतिनिधि के तौर पर रही। इस मौके पर पत्रकारों को तीन नए आपराधिक कानूनों पर वक्ताओं द्वारा जानकारी दी गई।

तीन नए कानूनों का लक्ष्य किसी को दंड देना नहीं ,न्याय देना है

वार्तालाप में पीआईबी नई दिल्ली की महानिदेशक ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया को इन तीन नए कानूनों के बारे में विस्तृत चर्चा के लक्ष्य के साथ उत्तराखंड पुलिस के सहयोग से वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इन तीन नए कानूनों का लक्ष्य किसी को दंड देना नहीं , अपितु न्याय देना है, ये कानून पूर्णतः नागरिकों पर केंद्रीत है, जिसमें महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों को व्यापकता के साथ बनाना गया है। महानिदेशक पीआईबी ने कहा कि







इन कानूनों से न्याय से जुड़ी हर प्रणाली को जवाबदेह बनाया गया है ।वार्तालाप को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड पुलिस के महानिदेशक अभिनव कुमार ने कहा कि संसद द्वारा पारित इन तीन नए कानूनों के माध्यम से पहली बार व्यापक बदलाव किए गए हैं, उन्होंने कहा कि ये तीन नए कानून क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के मुख्य अंग पुलिस, अभियोजन, जेल प्रणाली और न्यायपालिका को प्रभावित करेंगे। डीजीपी ने जानकारी देते हुए बताया कि नए आपराधिक कानूनों में काफी बदलाव किए गए हैं। जैसे भारतीय न्याय संहिता में 190 छोटे- बड़े बदलाव किए गए हैं। साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 360 छोटे-बड़े बदलाव किए गए हैं। भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 45 बदलाव किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने अपने सभी अधिकारियों और पुलिस बल को इन कानूनों का प्रशिक्षण देना आरंभ कर दिया है ।डीजीपी ने बताया कि राज्य स्तर पर कानूनों को लागू करने के छह समितियों का गठन किया गया है। ये समितियां हैं जनशक्ति समिति , प्रशिक्षण समिति , सीसीटीएनएस समिति, इंफ्रास्ट्रक्चर समिति, पुलिस मैन्युअल समिति और जागरूकता समिति। इन समितियों ने नए कानूनों को लागू करने के लिए प्लान ऑफ एक्शन तैयार किया है, उन्होंने कहा कि नए कानूनों में फॉरेंसिक जांच को अत्यधिक प्राथमिकता दी गई है, जिससे सटीक और त्वरित न्याय मिल सके ।वार्तालाप में विस्तार से जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता उपमहानिरीक्षक (प्रशिक्षण) बरिंदरजीत सिंह ने पत्रकारों को बताया कि नए कानून पीड़ितों और नागरिकों को ज्यादा अधिकार देते हैं और न्याय व्यवस्था को समय सीमा में बांधने का काम करते हैं। सिंह ने बताया कि नए कानून तकनीकी तौर पर सशक्त हैं और नई तकनीकी के माध्यम से न्याय देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में गवाह की सुरक्षा की स्कीम का भी प्रवाधान है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के तहत फॉरेंसिक एविडेंस के माध्यम से कन्विक्शन रेट में इजाफा होगा।

**व्यक्ति अपने साथ हुए अपराध की शिकायत कहीं भी कर सकता है**

कार्यक्रम में दूसरे विशेष वक्ता अपर पुलिस अधीक्षक, पीटीसी नरेंद्रनगर शेखर सुयाल ने तीन नए आपराधिक कानूनों पर जानकारी देते हुए बताया कि पहले के कानूनों में लंबित मामलों की संख्या में बढ़ोतरी दर की समस्या को नए कानून सुधारेंगे। उन्होंने कहा कि नए कानूनों को नागरिकों के लिए सहज और सुलभ बनाए गए हैं। सुयाल ने कहा कि नए कानूनों को आतंकवाद सहित कई अपराधों पर केंद्रीत किया गया है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए सुयाल ने बताया कि नए कानूनों से आपराधिक न्याय प्रणाली के चार स्तंभ पीड़ित व आमजन, पुलिस, अभियोजन और न्याय व्यवस्था में व्यापक बदलाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि नए कानून नागरिकों को अधिकार देते हैं कि व्यक्ति अपने साथ हुए अपराध की शिकायत कहीं भी कर सकता है। शेखर ने कहा कि नए कानूनों के तहत जब्ती के मामले में वीडियोग्राफी अब अनिवार्य कर दी गई है ।कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता सहायक विवेचना अधिकारी जावेद अहमद ने तीन नए कानूनों के न्यायिक पक्ष को समझाया। उन्होंने कहा कि नए कानून का मकसद न्यायिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही तय करना है। साथ ही किस तरह से दोषसिद्ध दर में बढ़ोतरी हो वो भी इन कानूनों में विस्तार से बताया गया है ।जावेद अहमद ने कहा कि नए कानूनों में नए अपराध जैसे संगठित अपराध, आतंकवाद अपराध, भारत की अखंडता और संप्रभुता को अघात पहुंचाने वाले अपराध जोड़े गए हैं। नए कानून पीड़ितों को मुआवजा देने को भी प्रथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि विवेचना की समय सीमा भी इन कानूनों में अब तय कर दी गई है ।पीआईबी देहरादून के उप निदेशक रोहित त्रिपाठी ने पुलिस विभाग के सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए हुए कहा कि बेहतर जनतंत्र के लिए इन तीन कानूनों को लागू किया जाएगा। इस मौके पर उत्तराखंड पुलिस के अपर महानिदेशक सीबीसीबाईडी डा0 वी मुर्गेशन, अपर महानिदेशक कानून व्यवस्था एपी अंशुमन सहित पुलिस विभाग और पीआईबी के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# उत्तराखंड : पांच जिलों में बारिश का अलर्ट, यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 14 मई : मैदानी क्षेत्रों में गर्मी का सिलसिला जारी है वहीं पर्वतीय इलाकों में जोरदार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने पांच जिलों में बारिश की सम्भावना जताई है और तीर्थयात्रियों के लिए एडवाइजरी भी जारी है। प्रशासन को लोगों की सुरक्षा के लिए एहतियाती कदम उठाने को भी कहा गया है।

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के कपाट खुलने के बाद से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ है। पहाड़ों में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। जिससे तीर्थयात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में सुबह से ही बादल मंडराते रहे और पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश का सिलसिला देखने को मिला। चारधाम यात्रा मार्गों पर जगह-जगह तेज बारिश देखने को मिली, जबकि कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई। मौसम के बदले मिजाज से पर्वतीय इलाकों के पारे में गिरावट दर्ज की गई है। सुबह-शाम कई जगह ठंड महसूस की जा रही है, हालांकि मैदानी क्षेत्रों में उमस अभी बरकरार है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार प्रदेश के पांच जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की सम्भावना है और साथ ही इन



जिलों में 4000 मीटर से अधिक ऊंचाई पर बर्फबारी भी हो सकती है, जबकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। प्रदेश के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में कहीं-कहीं पर हल्की बारिश होने की संभावना है और टिहरी, देहरादून, पौड़ी, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल, उधम सिंह नगर और हरिद्वार में मौसम शुष्क बना रहेगा।

खराब मौसम को देखते हुए मौसम विभाग ने तीर्थयात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। जिसमें रुद्रप्रयाग पुलिस ने केदारनाथ तीर्थयात्रियों से सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की अपील की है क्योंकि पूरे जिले में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है और कहा गया है कि विभिन्न जगहों पर बारिश हो रही है इसलिए गैरजरूरी सफर से बचें ।देहरादून का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस था जबकि पंतनगर का अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस रहा और नई टिहरी का अधिकतम तापमान 22.0 और न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# बागेश्वर में तेज बारिश के बाद बाढ़ ने बढ़ाई आफत





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

बागेश्वर 14 मई : राज्य में भीषण बारिश होने के कारण जंगलों में धधकती हुई आग तो बुझ गई, लेकिन कई जगहों पर बाढ़ और आपदा की समस्या पैदा हो गई। नैनीताल और उत्तरकाशी में बाढ़ आने के बाद अब बागेश्वर में भीषण बाढ़ की समस्या उत्पन्न हो गई। जिससे बागेश्वर के कई इलाकों में तबाही मच गई है।

बागेश्वर जिले के कपकोट क्षेत्र में देर रात भीषण बारिश से तबाही हो गई है। साथ ही बारिश से जिला मुख्यालय के मंडलसेरा के कुंती नाला में उफान आ गया। कुंती नाला में उफान आने के कारण रातभर स्थानीय लोग दहशत में रहे।

मंडलसेरा के साथ ही कई स्थानों पर बारिश का पानी भर जाने के कारण बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। सड़कों पर खड़े वाहन मलबे में डूब गए। स्थानीय लोगों के घरों में पानी और मलबा घुसने के कारण लोग परेशान हो गए हैं।

बागेश्वर जिला अस्पताल के वार्ड में पानी भर जाने के कारण रात में ही मरीजों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट करना पड़ा। बागेश्वर, कपकोट समेत कई स्थानों पर रात भर बिजली गुल रही। बिजली गुल रहने के कारण कपकोट सीएचसी में एक्स-रे भी नहीं हो पा रहे हैं। कपकोट में सड़क पर खड़ी बीआरओ की पोकलेन बारिश के पानी के साथ गधेरे में बह गई। नाले में उफान आने से ठाकुरद्वारा में सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त हो गई।

# क्या आप जानते है कौन से कान पर लगाकर सुनना चाहिए फोन

न्यूज वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 14 मई : आपने कभी इस बारे में सोचा हो या नहीं, लेकिन सवाल तो है. स्मार्टफोन का इस्तेमाल आजकल हर इंसान करता है. स्मार्टफोन मानो जीवन की जरूरत बन गया है. पिछले कुछ वर्षों में फोन के इस्तेमाल को लेकर कई तरह की स्टडीज़ सामने आई हैं. कोई कहती है कि फोन के इस्तेमाल से कैंसर तक हो सकता है तो दूसरी इस बात को सिरे से खारिज कर देती है. फिर कोई स्टडी आती है और बताती है कि इसके रेडिएशन से मानव समेत पशु-पक्षियों को बड़ा खतरा है तो कोई कुछ और कहती है.

इतना तो सब जानते हैं कि फोन पर ज्यादा समय बिताने से आंखों पर प्रतिकूल असर पड़ता है. लेकिन फोन इस्तेमाल करने के लिए आंखों के साथ-साथ कानों की जरूरत भी है. शायद ही किसी ने कानों पर पड़ने वाले संभावित असर के बारे में सोचा हो. आपने भी नहीं सोचा होगा. दुनिया में कुछ शोधकर्ता इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन-सा कान लेफ्ट या राइट फोन सुनने के लिए इस्तेमाल करना चाहिए, और कौन-सा नहीं करना चाहिए. तो चलिए जानते हैं अब तक इन शोधकर्ताओं ने क्या-क्या चीजों को पता लगाया है.

ज्यादातर लोग फोन पर बात करते समय दाएं कान (Right ear) का इस्तेमाल करते हैं. एक रिसर्च के मुताबिक, दाईं तरफ के कान से फोन सुनना सीधा दिमाग पर असर डालता है, जिससे आप छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान हो सकते हैं. एक रिसर्च के मुताबिक, जब हम फोन पर बात करने के लिए दाएं कान का इस्तेमाल करते हैं, तो इसके रेडिएशन ब्रेन पर ज्यादा असर डालते हैं. इसलिए फोन पर बात करते समय हमें बाएं कान (Left ear) का इस्तेमाल करना चाहिए.

हालांकि, इस बात को साबित करने के लिए कोई पर्याप्त सबूत नहीं है और न ही इस बात का कोई सबूत है कि फोन कॉल के लिए बाएं कान का यूज करना सुरक्षित है या दाएं कान का. 2002 में फिनलैंड साइंटिस्ट एंड न्यूक्लियर सेफ्टी अथॉरिटी के अध्ययन में कहा गया था कि जब मानव कोशिकाएं फोन के संपर्क में आती हैं, तो इससे ब्लड-ब्रेन बैरियर (Blood-Brain Barrier) को नुकसान होता है.बता दें कि ब्लड-ब्रेन बैरियर को मानव शरीर में सेफ्टी बैरियर के रूप में भी जाना जाता है जो रक्त में खतरनाक पदार्थों को दिमाग में प्रवेश करने से रोकता है. हालांकि, अध्ययन यह बताने में विफल रहा कि फोन पर बात करते समय किस कान का इस्तेमाल किया जाना चाहिए. ऐसे में आपके लिए जरूरी है कि फोन पर बात करते वक्त फोन को एक कान से दूसरे की तरफ बदलते रहें और दोनों कानों का इस्तेमाल करें. अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया है कि लगभग 80 प्रतिशत लोग फोन पर कॉल करते समय अपने दाहिने कान का उपयोग करते हैं, क्योंकि हमारे दिमाग का बायां हिस्सा ज्यादा प्रभावशाली होता है.

# जीवन में दोस्तों का होना है जरूरी, होते हैं ये बड़े फायदे : रिसर्च



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 14 मई : दोस्त जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। यह एक ऐसा रिश्ता होता है जो आप अपनी मर्जी से बनाते हैं। आप दोस्तों के लड़ते-झगड़ते हैं, मस्ती करते हैं, घूमते-फिरते हैं और अपने दिल फीलिंग शेयर करते हैं। वास्तव में दोस्तों का आपके जीवन में होना बहुत जरूरी है क्योंकि दोस्ती से आपको कुछ स्वास्थ्य लाभ भी होते हैं। चलिए, जानते हैं कैसे।

1) दर्द को सहने की शक्ति में होता है सुधारदोस्त आपको दर्द को बेहतर तरीके से सहन करने में मदद करते हैं। दिमाग में एंडोर्फिन नाम का केमिकल होता है जोकि एक नैचुरल पेनकिलर्स है। दोस्ती से शरीर में एंडोर्फिन को बढ़ावा मिलता है, इसलिए आपको शारीरिक दर्द का सामना करने में मदद मिलती है।

2) कॉन्फिडेंट बढ़ता हैदोस्त होने से आपका सेल्फ कॉन्फिडेंस बढ़ता है। इससे आपको अपने जीवन में किसी भी समस्या के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण रखने में मदद मिलती है। आपको मानसिक संतुष्टि और शांति मिलती है।

3) तनाव कम होता हैदोस्त तनाव कम करने का बेहतर जरिया हैं। आप दोस्तों के साथ खुश रहते हैं और हंसने से आपको कई स्वास्थ्य फायदे होते हैं। इससे आपका तनाव और अवसाद कम होता है।

4) मुसीबत का सामना करने में मिलती है मददसबसे जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। वास्तव में दोस्त ही आपको ऐसी स्थिति से उबारने में मदद करते हैं। वो आपका गंभीर मुद्दों से ध्यान भटकाते हैं और खुश रखते हैं।

5) अच्छी आदतें विकसित होती हैअध्ययन के अनुसार, अकेले जिम जाने की बजाय दोस्तों के साथ जिम जाने से आपको अधिक फायदा होता है। इसी तरह आपको दोस्तों से अच्छी आदतें सीखने को मिलती है

# खाने से पहले प्लेट को सुनाओ गाना, फिर देखो कमाल



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 14 मई : हमें बचपन से ही सिखाया जाता है कि हमें प्यार और सम्मान से व्यवहार करना चाहिए. हमें उठने-बैठने से लेकर सही तरीके खाना-पीना सिखाया जाता है. खासतौर पर खाना किसी को भी दिया जाए, तो इज्जत से दिया जाता है. हालांकि ये आपको किसी ने नहीं बताया होगा कि भोजन को भी ग्रहण करने से पहले गाना सुनना चाहिए. आप इसे मजाक मत समझिए, ये एक लाइफ कोच की सलाह है।

राधी देवलुकिया शेट्टी नाम की एक लाइफ कोच ने अजीबोगरीब दावा किया है. उनका कहना है कि अगर आप खाने को खाने से पहले उसे थोड़ा संगीत सुनाते हैं, तो इसका आपकी सेहत पर बेहतरीन असर होगा. ये बात ज़रा अजीब है लेकिन 33 साल की लाइफ कोच का कहना है कि इसका इफेक्ट वैज्ञानिकों के जरिये कंपेयर किया जा चुका है और उन्होंने भी माना है कि ऐसा हो सकता है। राधी देवलुकिया शेट्टी की मानें तो अच्छे और राहत देने वाले शब्द और म्यूज़िक मिलकर बर्फ के फाहों जैसा स्ट्रक्चर बनाते हैं. चूंकि इंसानों के शरीर में 70 फीसदी पानी होता है, ऐसे में ये कमाल का इफेक्ट दिखा सकते हैं. अपनी कुकबुक में लिखते हुए उन्होंने बताया कि अपने खाने को बनाते वक्त खुशी और मूड को अच्छा करने वाला संगीत सुनना या गाना चाहिए.

ये अजीब लगता है लेकिन वैज्ञानिकों ने भी जब वॉटर मॉलिकल्स पर इसका असर देखा, तो पता चला कि ये बर्फ के फाहे जैसा इफेक्ट देते हैं. वहीं गुस्से या दुखी करने वाला म्यूजिक इसे डिसजॉइन करता है। अपनी किताब में उन्होंने कहा है कि हमारी शरीर में पानी की मात्रा अच्छी है, ऐसे में जब इसे खाते वक्त या बनाते वक्त म्यूज़िक सुनाया जाता है तो सेहत पर अच्छा इफेक्ट होता है. इसके अलावा उन्होंने एक और सलाह दी है कि खाते वक्त पहले मीठा खाना चाहिए क्योंकि शरीर पहले मीठे को पचाता है. दूसरा फ्लेवर आते ही ये डाइजेस्ट होना बंद हो जाता है. ऐसे में मीठा पहले खाने की आदत आपको फायदा देगी।

# शेर, बाघ या तेंदुआ, किसकी है सबसे खतरनाक दहाड़

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 14 मई : जब बात जंगली बिल्लियों की होती है, तो लोगों के जहन में शेर, बाघ, चीता, तेंदुआ जैसे कई जीवों का ख्याल आता है. ये सारे जीव बिल्ली की प्रजाति के हैं और जंगल के सबसे खूंखार शिकारियों में से एक हैं. आपने फिल्मों, कार्टूनों या फिर किसी जू में इन जीवों की आवाज सुनी होगी और जानते होंगे कि ये जब दहाड़ते हैं, तो बाकी के जीव कांप जाते हैं. तो क्या आपने कभी सोचा है कि शेर, बाघ या तेंदुए में से किसी दहाड़ सबसे ज्यादा खतरनाक है? इन जीवों में एक ऐसी भी बिल्ली है, जिसकी आवाज सुनकर आप ये जरूर कहेंगे कि ये जंगली बिल्लियों के नाम पर धब्बा है।

ट्विटर अकाउंट पर अक्सर हैरान करने वाले पोस्ट किए जाते हैं. हाल ही में इस अकाउंट पर एक फोटो शेयर किया गया है जिसमें शेर, बाघ और तेंदुए की दहाड़ने की आवाज सुनाई गई है. आमतौर पर लोगों को लगता है कि शेर को जंगल का राजा कहते हैं, इस वजह से उसकी दहाड़ सबसे ज्यादा खूंखार होगी. वैसे तो ये बात सही भी है,

तेंदुए की दहाड़ काफी भारी है, हालांकि, वो तेज नहीं दहाड़ता है. दूसरी दहाड़ है शेर की. शेर काफी तेजी से चीखता है, जो काफी खौफनाक लगाता है. जब आप बाघ की दहाड़ सुनेंगे, तो सबसे ज्यादा हैरान होंगे. जब वो दहाड़ता है, तो बाकी सारे जीवों की तुलना में उसकी आवाज खतरनाक लगती है।



# देहरादून : क्षेत्र के अंदर सकारात्मक माहौल बना कर कार्य करना चाहिए : सिद्धार्थ अग्रवाल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 14 मई : मसूरी विधानसभा के देव सुमन नगर मंडल में निकाय चुनाव को लेकर महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने एक बैठक मे भाग लिया बैठक की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष प्रदीप रावत एवं संचालन मंडल महामंत्री आशुतोष थापा, अंकित जोशी ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि नगर निकाय के चुनाव में कार्यकर्ता की लोकप्रियता व्यक्तिगत रूप से समाज के सभी वर्गों के साथ आपसी संबंधों के आधार पर, आप के द्वारा किए गए समाज में कार्यों के आधार पर ,आपके चरित्र सम्मान के आधार पर ,और पार्टी एवं संगठन के सहयोग के आधार पर नगर निगम के चुनाव लड़े जाते हैं पार्टी का टिकट मांगना सभी कार्यकर्ताओं का नैतिक अधिकार है परंतु टिकट किसी एक ही कार्यकर्ता को मिलेगा पार्टी में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत टिकट का वितरण किया जाता है





कार्यकर्ता की संगठन में कितनी सक्रियता है इस पर भी ध्यान रखा जाता है।

क्षेत्र के अंदर सकारात्मक माहौल बना कर कार्य करना चाहिए। नगर निगम के चुनाव नल, नाली सफाई व्यवस्था, एवं क्षेत्र के छोटे-छोटे कार्यों के आधार पर होते हैं आप सभी लोग क्षेत्र की सभी छोटी बड़ी समस्याओं के निदान हेतु अथक प्रयास करें और समस्याओं का निराकरण करने की कोशिश करें।बैठक में महानगर के महामंत्री सुरेंद्र राणा मंडल के प्रभारी उमा नरेश तिवारी विधानसभा प्रभारी कमली भट्ट ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।बैठक में मुख्य रुप से पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री आर एस परिहार निरंजन डोभाल पार्षद भूपेंद्र कठैत सतेंद्र नाथ चुन्नीलाल मनजीत रावत एवं उत्तम चंद्र रमोला मंसूर खान श्याम सुंदर चौहान युवा मोर्चा के विनय गुप्ता अमोल डोभाल मोहन बहुगुणा महेंद्र चमोली आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर नौ लोगों को किया सम्मानित

चमोली। बीना स्मृति फाउंडेशन की ओर से बीते दिन जीआईसी सिलंगी के प्रांगण में बीना स्मृति सम्मान का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण, पत्रकारिता और लोक संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर नौ लोगों को सम्मानित किया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में गोपेश्वर के वरिष्ठ पत्रकार क्रांति भट्ट को सम्मानित किया गया। फाउंडेशन के सचिव जितेंन्द्र कुमार ने कहा कि 12 मई 1999 को बीना बिष्ट बरतोली गांव के जंगलों में लगी आग को बुझाते समय बलिदान हो गई थी। उनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने ऋतु बसंत बोड़ी के आंदा मनखी बौड़ी नि आंदा..मार्मिक गीत के जरिये बीरबाला बीना बिष्ट को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का उदघाटन कर थिरपाक वार्ड के जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मण बिष्ट ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में बीना बिष्ट का योगदान अमर रहेगा।

## 18 मई को खुलेंगे रुद्रनाथ के कपाट

चमोली। 11 हजार फिट की ऊंचाई पर स्थित भगवान रुद्रनाथ के कपाट 18 मई को ब्रह्म मुहुर्त पर विधि विधान के साथ खोले जाएंगे। रुद्रनाथ हिमालय के कपाट खुलने से पूर्व की प्रक्रिया मंगलवार से रुद्रनाथ की गद्दी स्थल गोपेश्वर गोपीनाथ मंदिर परिसर में 14 मई को प्रातः काल से आरम्भ हो जायेगी।सोमवार को यह जानकारी देते हुए गोपीनाथ मंदिर के प्रबंधक अनसूया प्रसाद भट्ट ने बताया 18 मई को भगवान रुद्रनाथ को कपाट विधि विधान के साथ खुलेंगे। बताया भगवान रुद्रनाथ के कपाट खुलने से पूर्व 14 मई से 16 मई सुबह तक भगवान रुद्रनाथ के उत्सव विग्रह स्वरूप के दर्शन गोपीनाथ मंदिर गोपेश्वर परिसर में कर पाएंगे। 16 मई को पूजा के बाद भगवान रुद्रनाथ की चल विग्रह डोली रुद्रनाथ मंदिर हेतु प्रस्थान करेगी। 18 मई को प्रातः काल में पूर्ण विधि विधान के साथ मंदिर के कपाट भगवान के लिए श्रद्धालुओं के खोल दिए जायेंगे। इस बार पंडित वेद प्रकाश भट्ट रुद्रनाथ मंदिर के पुजारी होंगे।

# केदारनाथ हेली बुकिंग के नाम पर साइबर ठगों ने डॉक्टर को लगाया 1.30 लाख का चूना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रप्रयाग 14 मई : केदारनाथ यात्रा के लिए हैली बुकिंग के नाम पर साइबर ठग कई सारी फेक वेबसाइट से लोगों के साथ ठगी की जा रही है। इसी तरह से केदारनाथ के लिए पवन हंस हेली सेवा के नाम पर 1.30 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने फर्जी वेबसाइट के जरिए पवनहंस हैली सेवा के नाम पर एक डॉक्टर से लाखों की धोखाधड़ी कर दी। शुक्रवार 10 मई को प्रेमनगर थाने में पीड़ित डॉक्टर ने ठगी के मामले में शिकायत दर्ज की है। प्रेमनगर थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।




एसओ गिरीश नेगी ने बताया कि जलवायु टावर झाझरा के रहने वाले डॉ. परितोष कुमार महन्ता ने मामले की शिकायत की है। डॉ. परितोष कुमार ने अपनी तहरीर में पुलिस को बताया कि वे केकेबीएम सुभारती अस्पताल में मेडिसिन विशेषज्ञ के तौर पर कार्यरत हैं।

उन्होंने बताया कि तीन मई की दोपहर को केदारनाथ की हेली सेवा बुकिंग के लिए उन्हें ऑनलाइन एक नंबर मिला। जिस पर संपर्क किए जाने पर उनकी व्हाट्सएप के जरिए बातचीत हुई। हैली के लिए बुकिंग करवाने वाले ने शख्स ने खुद को पवन हंस हेली सेवा से जुड़ा हुआ बताया था। उस आदमी ने उनसे बुकिंग का 30 प्रतिशत एडवांस में लिया। डॉक्टर से पांच लोगों के लिए टिकट बुक कराने के साथ चारधाम यात्रा बीमा के नाम पर 1. 30 लाख तक की रकम ली गई। उन्होंने बताया कि बाद में टिकटों की जांच करने पर उस आदमी द्वारा भेजे गए सभी टिकट फर्जी निकले। प्रेमनगर थाना पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### भगवान आदिबदरी नाथ जी को नये अनाज का भोग चढाने के साथ ही तीन दिवसीय नौठा कौथीक हुआ संपन्न

चमोली। भगवान आदिबदरीनाथ को नए अनाज का भोग चढ़ाने के साथ ही सोमवार को तीन दिवसीय नौठा कौथिग (आदिबदरी सांस्कृतिक पयर्टन एवं विकास) संपन्न हो गया। इस मौके पर मेले में लोगों ने काफी खरीददारी भी की। मेले के समापन अवसर पर सुबह आदिबदरी नाथ को विधि विधान एवं परंपरानुसार नए अनाज का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद प्रतिकात्मक रूप से लाठी डंडे का युद्ध कर नौठा नृत्य किया गया। इस मौके पर मंदिर अध्यक्ष जेपी बहुगुणा ने परंपरानुसार खेती गांव के मालगुजार दिनेश सिंह को सरज की टोपी व तलवार भेट की। मान्यता है कि दशकों पूर्व आदिबदरी नाथ को नए अनाज का भोग चढ़ाने के लिए स्थानीय ग्रामीणों में युद्ध होता था जो गांव जीतता था वही पहले भोग चढ़ाने का हकदार होता था। सोमवार को मेले का समापन कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश नेगी ने किया।

### एसजीआरआर कर्णप्रयाग में नियति और शिवम ने किया टॉप

चमोली। एसजीआरआर कर्णप्रयाग (जयकंडी) में 12वीं की छात्रा नियति कैलखुरा ने 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, जतिन खत्री ने 92.80 व आशिका बिष्ट ने 92.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। पीयूष भंडारी ने 91.40,आईशा ने 91.20, श्रुति तिवारी ने 89.60, अनन्या पांगती ने 88.80, पिहु भंडारी ने 86.60, गौरव सिंह ने 86.40, महक 86.20,रवीद्र खत्री व प्रत्यक्ष तोपाल ने 85.40, अभिजीत बहुगुणा ने 84.20, मनस्वी सिमल्टी ने 82.40 व नितिन सिंह ने 82.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं, 10वीं कक्षा में शिवम शर्मा ने 99.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम व अर्शदीप सिमल्टी ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विधालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुष्कर जोशी ने 96.20 व ईशांत सिंह ने 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा व चौथा तथा रिद्धी रात्रा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया। सार्थक नैनवाल ने 93.40, हर्षित बिष्ट ने 93, शिवांश कुमेड़ी ने 93, तनुजा ने 92.80 व हार्दिक सेमवाल ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्तुति खंडुरी ने 89.80, अदिति पांगती ने 89.60, आयुष बिष्ट ने 89.40, समर्थ डिमरी ने 88.20, महक खत्री व संस्कृति थपलियाल ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अदिति खन्डुरी ने 85.20 , निकिता राणा ने 85.40, सिमरन राणा ने 83.60 , अभिनव खंडुरी ने 83.20 , निशात फातिमा ने 83 व आस्था व तान्या बिष्ट ने 82.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य बी.बी. डोभाल ने छात्र छात्राओं के प्रदर्शन पर खुशी जताई है।

### बदरीनाथ में धरना-प्रदर्शन के बाद बाजार बंद

चमोली। बदरीनाथ कपाट खुलने के दूसरे दिन सोमवार को बामणी गांव की जनता, हक हकूकधारी, तीर्थ पुरोहित समाज ने प्रशासन और बीकेटीसी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों के समर्थन में स्थानीय व्यापारियों ने बाजार भी बंद रखा। प्रदर्शकारियों का आरोप है कि उन्हें मंदिर दर्शन के पारंपरिक अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। प्रशासन और बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए वीआईपी कल्चर और उनकी सेवा में ही लगा है।

### वीकएंड पर ड्रिंक एंड ड्राइव में 42 वाहन चालक हुए गिरफ्तार

देहरादून । रात में नशे में धुत होकर वाहन चलाते हुए दूसरों के लिए खतरा बनने वाले वाहन चालकों के खिलाफ वीकएंड में सिटी क्षेत्र के थानों में अभियान चला। शनिवार और रविवार रात चले अभियान में 42 वाहन चालकों को नशे में धुत होकर कार चलाते हुए पकड़ा गया। इनके ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन के लिए आरटीओ कार्यालय भेजे जा रहे हैं। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि बीते कुछ दिनों सामने आया कि वीकएंड पर रात के समय लोग नशे में धुत होकर सड़कों पर वाहन दौड़ाते हैं।


# उत्तराखंड के अस्पतालों को मिले 246 नए MBBS डॉक्टर चारधाम यात्रा रूट के हर अस्पताल में रहेंगे तैनात

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

टिहरी गढ़वाल 14 मई : राज्य स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नए MBBS डॉक्टर्स की तैनाती प्राथमिकता के आधार पर चार धाम यात्रा मार्गों पर पड़ने वाले अस्पतालों और पर्वतीय क्षेत्रों के स्वास्थ्य केन्द्रों में की जाएगी।राज्य के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने बताया कि उत्तराखंड सरकार राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार मजबूत करने में जुटी है।

इसी कड़ी में राज्य में बॉन्ड व्यवस्था के अंतर्गत उत्तराखंड के विभिन्न राजकीय मेडिकल कॉलेजों से हाल ही में 246 MBBS डॉक्टर्स पास आउट हुए हैं। इन चिकित्सकों की ड्यूटी राज्य के अलग-अलग जिलों के सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में लगेगी। स्वास्थ्य महानिदेशालय ने मार्च 2024 में राज्य के नौ पर्वतीय जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को पास आउट बॉन्डधारी चिकित्सकों की सूची सौंपी। मुख्य चिकित्साधिकारी अपने-अपने जिलों के अस्पतालों की रिक्तियों के आधार पर बॉन्डधारी चिकित्सकों को तैनात करेंगे।






स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने राज्य में नए बॉन्ड धारक चिकित्सकों की तैनाती के लिये निर्वाचन आयोग से अनुमति मांगी थी। जिसके लिए निर्वाचन आयोग ने अनुमति दे दी है। निर्वाचन आयोग से मंजूरी मिलने के बाद मिलते ही Directorate General of Health ने संबंधित जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को नये चिकित्सकों की सूची सौंप दी है।उन्होंने आगे कहा कि राज्य में बॉन्ड व्यवस्था के अंतर्गत कुमाऊं मंडल में 85 और गढ़वाल मंडल में 161 चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है।

टिहरी जिले में 53 चिकित्सक
पौड़ी जिले में 38 चिकित्सक
अल्मोड़ा जिले में 33 चिकित्सक
रूद्रप्रयाग जिले में 30 चिकित्सक
चमोली जिले में 30 चिकित्सक
पिथौरागढ़ जिले में 27 चिकित्सक
बागेश्वर जिले में 22 चिकित्सक
उत्तरकाशी जिले में 10 चिकित्सक
चम्पावत जिले में 03 चिकित्सक शामिल नियुक्त किए गए हैं।

# इस बार फिर मोदी सरकार : मंत्री गणेश जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई दिल्ली 14 मई : कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा के बुराड़ी विधानसभा के संतनगर मंडल के कमल विहार एवं अजीत विहार में जनसंपर्क किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार के स्टीकर भी लगाए और पत्रक भेंट कर क्षेत्रवासियों से भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी के पक्ष में मतदान की अपील की। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने में आगामी 25 मई को लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आव्हान भी किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह, रेखा रावत, बीजेपी प्रवासी प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक गिरीश बलूनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी, महामंत्री विजय प्रताप राठौर, सुंदर सिंह रावत, अनंत गोपाल बिट्टू, नवीन सिंह, जगमोहन बिष्ट, प्रताप सिंह रावत सहित कई लोग उपस्थित रहे।





# पिथौरागढ़ का होनहार फौज में बनेगा अफसर, दिव्यम चन्याल का NDA में चयन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पिथौरागढ़ 14 मई : उत्तराखंड के होनहार युवा हर क्षेत्र में अपना नाम ऊँचा कर रहे हैं, अपने हुनर का लोहा मनवा रहे हैं। सेना में जाने का जज्बा तो पहाड़ियों की अलग पहचान है। इसी कड़ी में राज्य के एक और होनहार युवा ने उत्तराखंड का नाम ऊँचा किया है।

पिथौरागढ़ जिले के दिव्यम चन्याल ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित नेशनल डिफेंस एकेडमी (NDA 1) परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। दिव्यम चन्याल मूल रूप से राज्य के पिथौरागढ़ जिले के गणाई गंगोली तहसील क्षेत्र के के निवासी हैं। दिव्यम का सिलेक्शन राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में हो गया है।

दिव्यम चन्याल ने ये उपलब्धि हासिल कर अपने परिवार के साथ ही जिले और राज्य का भी मान बढ़ाया है। उनके परिवार में इस समय हर्षोल्लास का माहौल छाया हुआ है और साथ ही घर पर बधाई देने वालों का तांता भी लगा हुआ है। दिव्यम चन्याल के पिता सुरेश चन्याल एक व्यापारी हैं और उनकी मां लीला चन्याल एक अध्यापिका है और वर्तमान में पौड़ी गढ़वाल के एक सरकारी विद्यालय में कार्यरत हैं। दिव्यम ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता- पिता और गुरुजनों को दिया है।





लोक सेवा आयोग (UPSC) द्वारा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA 1) का परीक्षा परिणाम 9 मई को जारी कर दिया गया है। नेशनल डिफेंस एकेडमी की परीक्षा में पिथौरागढ़ जिले के गुना किटान गांव के निवासी दिव्यम चन्याल को भी सफलता मिली है। दिव्यम चन्याल ने एनडीए की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है। मिली जानकारी के अनुसार दिव्यम चन्याल अपनी इस सफलता के बाद अब आने वाले जुलाई महीने में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खडकवासला में दाखिला लेंगे। दिव्यम चन्याल राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खडकवासला से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद भारतीय सेना में अफसर बन जाएंगे।

# सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता पर करें पूरा : एडीएम

चमोली। अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने सोमवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सुरक्षित यातायात एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा किया जाए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष कदम उठाए जाए। सड़क निर्माणदायी संस्थाएं अपनी सड़कों का रेग्यूलर निरीक्षण करें। सुरक्षित यातायात के लिए संकरे मार्ग, भूस्खलन क्षेत्र एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर क्रैश बैरियर व साइनेज लगाए जाए। सेफ्टी के अन्तर्गत चिन्हित ब्लैक स्पॉटों का सुधारीकरण, क्रैश बैरियर, पैराफीट व साइनेज लगाने के अवशेष कार्यो को तत्काल पूरा किया जाए। सड़क दुर्घटना के मामलों में जो कारण सामने आए है, उनका तत्काल समाधान किया जाए और फोटोग्राफ सहित इसकी रिपोर्ट उपलब्ध करें। उन्होंने सड़कों पर नए संवेदनशील दुघर्टना स्थलों को चिन्हित करने के लिए समिति का गठन करने के निर्देश भी दिए।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि एसडीएम, पुलिस एवं परिवहन विभाग अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान की सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। ओवर स्पीड, ओवरलोडिंग और ड्रंक एंड ड्राइव की रोकथाम के लिए सघन चेकिंग करते हुए चालान की कार्रवाई की जाए। सड़क एवं पुल से मवेशियों को हटाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाए। इस दौरान उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की जानकारी लेते हुए घायलों के उपचार हेतु समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि मार्च और अप्रैल माह में 05 सड़क दुर्घटनाएं हुई है। पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा माह अप्रैल में ओवर स्पीड के 22, भार वाहन में यात्री ढोने पर 14, मोबाइल पर बात करने में 07, शराब पीकर वाहन चलाने पर 07, बिना हेलमेट के 61, बिना सीट बेल्ट के 57, बिना डीएल के 97 तथा वाहन का परमिट, फिटनेस, प्रदूषण मामलों में 75 सहित कुल 1408 चालान किए गए है।

बैठक में लोनिवि के अधीक्षण अभियंता राजेश चन्द्र, अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह चौहान, एसीएमओ डा.एमएस खाती, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ज्योति शंकर मिश्र, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी सहित वर्चुअल माध्यम से सभी एसडीएम एनएच, लोनिवि, पीएमजीएसवाई, बीआरओ के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

# क्या खतरा बन सकता है पावर बैंक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 14 मई : आज के वक्त में हम बिजली से चलने वाले कई तरह के उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं. इसमें मोबाइल फोन, ईयर बड्स, टैबलेट आदि जैसी चीजें शामिल होती हैं. इन चीजों में बैटरी बैकअप होता है, पर खत्म होने पर उन्हें दोबारा चार्ज करना पड़ता है. अब दोबारा चार्ज करने के लिए हर जगह सॉकेट तो उपलब्ध हो नहीं सकता. ऐसे में लोग पावर बैंक्स को साथ ले चलते हैं. ये एक उपकरण है, जिसे चार्ज करने के बाद, ये दूसरे उपकरणों को चार्ज करने के काम आता है. पर इसे आमतौर पर फ्लाइट्स पर ले जाने से रोका जाता है. क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा क्यों है।



देश-दुनिया जुड़े अनोखे फैक्ट्स जो आपको हैरान कर देते हैं. आज हम बात करेंगे, पावर बैंक्स के बारे में. दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कोरा पर किसी ने सवाल किया- "पावर बैंक हवाई जहाज में ले जाना क्यों मना है?" सवाल काफी रोचक है क्योंकि आजकल लोग अक्सर विमानों में पावर बैंक लेकर यात्रा करते हैं.

प्रमेंद्र नाथ मिश्रा नाम के यूजर ने इसका जवाब देते हुए कहा- "पावर बैंक लगेज में भरकर ले जाने की मनाही है, इसे कार्गो सामान भी कहते हैं, जो विमान में आपसे दूर नीचे कार्गो होल्ड में रखा जाता है. हाथ के सामान के साथ इसे ले जा सकते हैं. कारण ये है कि इसमें लिथियम बैटरी होती है जो रगड़ खाने पर या अधिक दबने पर विस्फोट कर सकती है. इस विस्फोट से आस पास रखे सामान में आग लगने की संभावना हो सकती है." जॉयशा नाम की एक यूजर ने कहा- "एयरलाइन्स पावर बैंक को कार्गो लगेज के साथ ले जाने से मना करते हैं. इसके पीछे की मुख्य वजह सुरक्षा है. ऐसा इसलिए कि पावर बैंक में लिथियम सेल लगे होते हैं. लिथियम बैटरी के गर्म होने पर ब्लास्ट होने की संभावना बनी रहती है. यही एक कारण है कि प्लेग के कार्गो लगेज के साथ पावर बैंक को ले जाने पर मनाही है. IATA (इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन) ने 2017 में रिवाइज्ड रेग्युलेशन के मुताबिक लिथियम मेटल या लिथियम बैटरी को ट्रांसपोर्ट करने पर बैन लगा दिया गया है."

आइए देखते हैं कि विश्वसनीय सोर्सेज के अनुसार इस सवाल का सही जवाब क्या है. ट्रैवल और टूरिज्म से जुड़ी चर्चित कंपनी इग्जिगो की वेबसाइट के अनुसार पावर बैंक को प्रतिबंधित सामान नहीं माना जाता है, हालांकि, उनके इस्तेमाल से जुड़े नियम कुछ अलग होते हैं. ये नियम एयरलाइन या फिर देश के नियमों के अनुसार होते हैं.

पावर बैंक को कैबिन लगेज में ले जाने के लिए कहा जाता है, चेक इन लगेज में उसे ले जाने नहीं देते. ऐसा इसलिए क्योंकि पावर बैंक में लिथियम आयन बैट्रीज होती हैं. जिसे इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अनुसार खतरनाक सामान माना जाता है. इन्हें बैटरी की तरह माना जाता है, इस वजह से लगेज के साथ नहीं ले जाने देते क्योंकि फ्रिक्शन से इसके कारण आग लग सकती है. कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन में 100 वॉट आवर (Wh), यानी 27,000 mAh के पावर बैंक्स को केबिन में ले जाने देते हैं. अगर पावर बैंक 100 वॉट आवर से 160 वॉट आवर तक है, तो एयरलाइन की खास परमीशन की जरूरत पड़ती है. वहीं अगर पावर बैंक उससे ज्यादा वॉट आवर का होता है तो उसे ले जाने पर सख्त रोक होती है.

# APTI अवार्ड : डीआईटी यूनिवर्सिटी ने जीता सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता पुरस्कार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून,16 ,मई फार्मास्युटिकल रिसर्च के क्षेत्र में देहरादून के नामी शिक्षण संस्थान डीआईटी यूनिवर्सिटी ने एपीटीआई उत्तराखंड का सर्वश्रेष्ठ शिक्षक और सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता पुरस्कार जीतकर संस्थान का मान बढ़ाया है.स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल एंड पॉपुलेशन हेल्थ इंफॉर्मेटिक्स (SoPPHI), डीआईटी यूनिवर्सिटी, देहरादून के दो फैकल्टी जिनमें एचओडी और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मनदीप अरोड़ा और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.नीरज कुमार सेतिया ने प्रतिष्ठित एपीटीआई उत्तराखंड सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का पुरस्कार जीता है।राजधानी देहरादून में दो दिवसीय फार्मास्युटिकल शोध कार्य में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए ये सम्मान प्रदान किये गए हैं जिसको लेकर डीआईटी यूनिवर्सिटी में उत्सव का माहौल है.






ड्रग डिस्कवरी और इसकी भविष्य की संभावनाएं

गौरतलब हो कि एपीटीआई उत्तराखंड राज्य शाखा और वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड के सहयोग से सिद्धार्थ इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, देहरादून में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन SIPCON-2024 के दौरान क्रमशः ₹फार्मास्युटिकल रिसर्च में ड्रग डिस्कवरी और इसकी भविष्य की संभावनाएं₹ विषय पर सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता पुरस्कार दिए गए। डॉ. गिरिराज टी. कुलकर्णी (डीन), डॉ. मनदीप अरोड़ा (एसोसिएट प्रोफेसर), डॉ. नीरज कुमार सेतिया (एसोसिएट प्रोफेसर), डॉ. अशोक बेहरा (सहायक प्रोफेसर), डॉ. राजीव कुमार शर्मा सहायक प्रोफेसर अध्यक्ष एपीटीआई उत्तराखंड और डॉ. विजय सिंह राणा सहायक प्रोफेसर ने सम्मेलन के दौरान संबंधित सत्र के लिए सत्र अध्यक्ष और सह-अध्यक्ष की भूमिका निभाई,इसके साथ ही डॉ.राजीव कुमार शर्मा, जो एपीटीआई उत्तराखंड राज्य शाखा अध्यक्ष को उद्घाटन समारोह में विशेष रूप से सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

# CBSE 10-12 Result 2024 : देहरादून रीजन देशभर में 11वें स्थान पर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 14 मई : 12वीं में इस बार भी लड़कियों ने बाजी मारी है, लड़कियों का पास प्रतिशत 91.52 रहा। जबकि लड़कों का 85.12 फीसदी रहा और 12वीं में देशभर के 17 रीजन में से देहरादून रीजन 11वें स्थान पर रहा है।सीबीएसई बोर्ड 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित हो गया है। छात्र आधिकारिक वेबसाइट cbseresults.nic.in पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। इसके अलावा डिजिलॉकर से भी रिजल्ट चेक किया जा सकता है। इस साल सीबीएसई में 10वीं का रिजल्ट 93.60 फीसदी रहा और यह पिछले साल से 0.48 फीसदी अधिक रहा। पिछले साल 10वीं में 93.12 फीसदी बच्चे पास हुए थे। जबकि सीबीएसई 12वीं में इस वर्ष 87.98% छात्र पास हुए हैं। देशभर में तिरुवनंतपुरम का पास परसेंटेज सबसे अधिक है यहाँ का पास परसेंटेज 99.91 फीसदी रहा




देशभर में तिरुवनंतपुरम का पास परसेंटेज सबसे अधिक है यहाँ का पास परसेंटेज 99.91 फीसदी रहा। 12वीं में देशभर के 17 रीजन में से देहरादून रीजन इस बार 11वें स्थान पर रहा है यहाँ का परिणाम 83.83 प्रतिशत रहा जो बीते वर्ष के मुकाबले तीन प्रतिशत तक बढ़ा है। सीबीएसई के देहरादून रीजन में उत्तराखंड के सभी 13 जिलों के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आठ जिले बदायूं, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, ज्योतिबा फूले नगर, सहारनपुर व संभल शामिल हैं। बोर्ड के अधीन कई अटल उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी दूसरी बार बोर्ड परीक्षा दी है।

## केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा का बोर्ड परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत

अल्मोड़ा। केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा का सीबीएसई बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय में इंटरमीडिएट में 39 छात्र पंजीकृत थे। जिसमें विज्ञान वर्ग में 28 छात्र पंजीकृत थे। विद्यालय में विज्ञान वर्ग में जय जोशी ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, ऋषभ तिवारी 93.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर और स्नेहा बिष्ट 90.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। वाणिज्य वर्ग में नंदनी शाह ने 93.4 फ़ीसदी अंकों के साथ प्रथम स्थान, पुरुषोत्तम प्रजापति ने 81.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, शिवानी मेहरा ने 81.0 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय में 10वीं में 37 छात्र पंजीकृत थे। दसवीं में वैष्णवी शाह ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, भाव्या शाह ने 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान पर आई खुशी बिष्ट ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। शत प्रतिशत परिणाम पर विद्यालय की प्रधानाचार्य, शिक्षकों, स्टाफ एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## तारबाड़ में फंसे गुलदार का किया रेस्क्यू

अल्मोड़ा। वन विभाग की टीम ने तारबाड़ में फंसे गुलदार का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया है। प्राथमिक उपचार के बाद गुलदार को फिलहाल निगरानी में रखा गया है। जल्द ही उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा व सोमेश्वर के सीमावर्ती ककराल क्षेत्र में एक गुलदार नदी किनारे लगी तारबाड़ में रात के समय फंस गया। उसके गुर्राने की आवाज सुन स्थानीय लोगों ने वन विभाग को सूचित किया। रात का वक्त होने के चलते विभाग द्वारा सुबह का इंतजार किया गया। सुबह तक गुलदार तारबाड़ को खंभे सहित तोड़ चुका था, जो कि उसके पांव में ही फंसा रह गया था। वन विभाग की सोमेश्वर व अल्मोड़ा की संयुक्त टीम में आरओ अल्मोड़ा मोहन राम आर्य व आरओ सोमेश्वर मनोज लोहनी सहित संपूर्ण स्टाफ मौके पर पहुंचा। गुलदार को ट्रेंकुलाइज किया गया। जिसके बाद गुलदार को अल्मोड़ा लाया गया। जहां रेस्क्यू सेंटर में गुलदार का प्राथमिक उपचार किया गया। बताया जा रहा है कि गुलदार का एक कैनाइन दांत टूटा हुआ है। इधर आरओ मोहन राम आर्य ने बताया कि गुलदार की आयु करीब 6 से 7 साल के बीच की मादा है। अब वह पूरी तरह स्वस्थ है। जल्द ही उसे उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया जायेगा।

# 3700 फीट की ऊंचाई पर 1 घंटे तक लटकते रहे टूरिस्ट, हलक में अटकी जान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 14 मई : दुनिया में कई ऐसे लोग हैं जिन्हें पर्वतारोहण, यानी पहाड़ों पर चढ़ना बहुत पसंद है. इस वजह से लोग अक्सर ट्रेकिंग जैसे एडवेंचर स्पोर्ट के लिए निकल जाते हैं. पर कई भार ऐसे स्पोर्ट्स में हादसे भी बड़े-बड़े हो जाते हैं. जिसकी वजह से लोगों को बहुत तकलीफ होती है. हाल ही में ऐसा ही एक चीन में भी सैकड़ों पर्वतारोहियों के साथ हुआ, जब वो 3700 फीट की ऊंचाई पर करीब 1 घंटे तक लटके रहे. उनकी जान हलक में अटक गई, पर उन्हें कोई बचाने नहीं आया. फिर जो हुआ, वो जानकर आप हैरान हो जाएंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये मामला चीन के जेजियांग प्रांत का है. यहां पर यैनडैंग पहाड़ी पर लोग चढ़ रहे थे. पर अचानक ऊपर जाने वाली टूरिस्टों की लाइन रुक गई. चीन के सोशल मीडिया पर एक शख्स ने इस घटना का फोटो पोस्ट किया था. उसने बताया कि वो लोग 1 घंटे से वहां पर फंसे हुए हैं. कोई भी अपनी जगह से नहीं हिल रहा है. यूं तो उसने ये नहीं बताया कि वो कितनी ऊपर था, पर पहाड़ 3773 फीट ऊंचा है।

यैनडैंग माउंटेन रॉक क्लाइंबिंग अट्रैक्शन के मैनेजमेंट ने कहा कि लोग ज्यादा थे, इस वजह से उन्हें बचाने में देर लगी. 1 मई से 5 मई के बीच चीन में मे-डे मनाया जाता है, जो छुट्टी का वक्त होता है. इस वजह से टूरिस्टों की संख्या ज्यादा थी. चोटी पर इतने टूरिस्ट थे, कि ऊपर सब फिट नहीं हो सकते थे. ऊपर जाने वाले नीचे नहीं आ पा रहे थे और नीचे वाले ऊपर नहीं जा पा रहे थे. इसको ठीक करने के लिए ऊपर जाने से लोगों को रोका गया, फिर ऊपर वाले नीचे उतरे तब जाकर भीड़ छंट पाई।

हैरानी की बात ये है, कि इस चढ़ाई पर करने वाला कोई भी व्यक्ति, जिसे डर लग रहा हो, एक प्रोफेशनल की मदद से कभी भी नीचे उतर सकता है. पर रेस्क्यू के लिए फीस देनी पड़ती है, जिसके चलते कई लोगों ने पैसे बचाकर लटकना ठीक समझा. मैनेजमेंट ने बताया कि रेस्क्यू के लिए फीस इस वजह से लगाई गई है, क्योंकि बहुत से लोग ऐसा करने लगे थे कि वो मजे के लिए कुछ दूरी तक ऊपर जाते थे, और फिर नीचे आने के लिए रेस्क्यू का सहारा लेते थे. वो पूरी तरह ऊपर भी नहीं जाते थे. मैनेजमेंट की ओर से कहा गया कि उन्होंने लोगों का अंदाजा गलत लगा लिया जो पहाड़ चढ़ने में रुचि रखते हैं. इसके साथ ही बेहतर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम न होना, टिकट रिजर्वेशन सिस्टम का न होना ही इस रुकावट का कारण था।



# उत्तराखंड : रामनगर के हेमंत ने रचा इतिहास
## 13 साल की उम्र में लिख डाली वर्ल्ड हिस्ट्री पर किताब

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



रामनगर 14 मई : हेमंत ने खोजकर्ताओं की कहानी, समय के साथ मानवता की कहानी पर किताब लिखी है जो कि पूरे विश्व पर आधारित है और इस किताब में कुल 133 पेज हैं देवभूमि के नौनिहाल और युवाओं में प्रतिभावों की कोई कमी नहीं है, वर्तमान समय में सभी होनहार देश ही नहीं विदेश में भी उत्तराखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी क्रम में रामनगर के कक्षा 8वीं के छात्र हेमंत पांडे ने 13 साल की उम्र में वर्ल्ड हिस्ट्री पर एक किताब लिखी है। उनके इस कारनामे ने सबको अचंभित कर दिया है। उन्होंने बताया कि जब इस किताब को लिखना शुरू किया था तो वे केवल अपनी जानकारी के लिए इन्फॉर्मेशन के तौर पर वो लिख रहे थे, लेकिन लिखते-लिखते 100 कब हुए पता ही नहीं चला। जिसके बाद उन्होंने इसे पूरी किताब के रूप में लिखने की ठान ली। बीते दिन रामनगर के ढिकुली क्षेत्र के निजी रिसोर्ट में उनकी किताब The Tale of The Explorers, Story of Humanity with Time (खोजकर्ताओं की कहानी, समय के साथ मानवता की कहानी) का भव्य तरीके से विमोचन किया गया।

हेमंत ने इस किताब में बताया है कि मनुष्य इस पृथ्वी पर कब से रह रहे हैं? कैसे मानव का विकास हुआ? इंसानों का विकास कई कालक्रमों में हुआ है। इसलिए हमें उन्हें समझने के लिए इतिहास को युगों या कालक्रमों में विभाजित किया गया है। हम किसी काल या युग को उसकी निरंतरता से परिभाषित करते हैं और जब निरंतरता में परिवर्तन होता है, तो एक नए युग का आरंभ होता है, इन्हीं बिंदुओं पर यह किताब लिखी गई है। हेमंत के पिता प्रभाकर पांडे एमपी हिंदू इंटर कॉलेज में शिक्षक के पद पर तैनात हैं। बेटे की इस उपलब्धि पर वे गर्व महसूस कर रहे हैं।

## समूह की महिलाओं को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

अल्मोड़ा। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे के दिशा निर्देशों के क्रम में ग्रामीणों की आय संवर्धन के अंतर्गत विकास खण्ड धौलादेवी के ग्राम पंचायत फलयाट में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आरसेटी हवालबाग की टीम द्वारा दस दिवसीय मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज 40 महिलाओं को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। महिलाओं को मशरूम उत्पादन की बारीकियों को बताया गया साथ ही पैकेजिंग एवं मार्केटिंग आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारियां दी गई।

## डांस प्रतियोगिता में कलाकारों ने दिखाया जलवा

पिथौरागढ़। तहसील के जीआईसी खेल मैदान में 11 व 12 मई को ग्रूव अप डांस स्टूडियो की ओर से डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। बीते रविवार को कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रूव अप डांस स्टूडियो के संचालक अमित बोरा ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डीके बेरी, त्रिभुवन बिष्ट, लक्ष्मण राम रहे। प्रतियोगिता के पहले दिन क्षेत्र के विभिन्न जगहों से आए हुए कलाकारों के मध्य ऑडिशन राउंड हुआ। 12 मई को प्रतियोगिता का सेमी फाइनल व फाइनल राउंड हुआ। इसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों की वाहवाही लूटी। फाइनल राउंड के लिए पिथौरागढ़ के गौरव को निर्णायक बनाया गया। इस मौके पर उन्होनें कलाकारों को डांस में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि डांस से भी आप अपने भविष्य को संवार सकते हो। कार्यक्रम के अंत में परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मयंक, बृजेश व आर्यन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप 1500 रुपए व ट्राफी प्रदान की गई। संचालन हिमांशु पंत ने किया।

## मिका का नेशनल कैंप के हुआ चयन

बागेश्वर। जिले की बॉक्सर भूमिका बसेड़ा का नेशनल कैंप के लिए चयन हुआ है। बॉक्सिंग प्रशिक्षक उमेश सिंह गड़िया ने बताया कि गड़िया बॉक्सिंग क्लब की भूमिका बसेड़ा का 52 से 55 किलो भार वर्ग में 13 मई से 27 मई तक इंस्पायर्ड इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू बिलारी, कर्नाटका में आयोजित सब जूनियर नेशनल कोचिंग कैम्प में चयन हुआ है। इससे पूर्व भूमिका बसेड़ा का इस वर्ष 19 मार्च से 25 मार्च तक नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित फेडरेशन सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रजत पदक उत्तराखंड के नाम कर चुकी हैं। इधर भूमिका बसेड़ा का नेशनल कैंप में चयन होने पर जिलाधिकारी अनुराधा पाल, उप कीड़ा अधिकारी गुंजन बाला, सुंदर सिंह गड़िया, विधायक पार्वती दास, विधायक सुरेश गढ़िया, जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव ने हर्ष जताया है।

## संग्रहालय को भेंट की सौ वर्ष से अधिक पुरानी कोरा

अल्मोड़ा। प्रभारी निदेशक, राजकीय संग्रहालय, अल्मोड़ा डॉ चन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि स्व. किशन सिंह बिष्ट, ग्राम खड़ाऊ, बाखली-पिछाड़ी, अल्मोड़ा की कोरा (खड़ग/खांग) जो कि लगभग 120 से 150 वर्ष पुरानी है, उनकी इच्छानुसार उनके पुत्रों धीरेन्द्र सिंह बिष्ट एवं राकेश सिंह बिष्ट द्वारा पं गोविन्द बल्लभ पंत, राजकीय संग्रहालय, अल्मोड़ा को दान स्वरूप भेंट की गयी। इस अवसर पर डॉ चन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि इससे संग्रहालय की कलाकृतियों में समग्रता आयेगी जिससे कि पर्यटकों, दर्शकों एवं शोधार्थियों को इसकी सांस्कृतिक विरासत को जानने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही उनके द्वारा स्थानीय जनता से अपील की गई कि जिस किसी व्यक्ति के पास इस प्रकार की कोई भी धरोहर/कलाकृति हो सकती हैं, तो वे उसे संग्रहालय को दान स्वरूप भेंट कर सकते हैं। जिसे संग्रहालय द्वारा दानदाताओं का विवरण सहित प्रदर्शित किया जायेगा। यह कोरा स्व किशन सिंह बिष्ट के बड़ी मुखानी, हल्द्वानी निवासी भतीजों वीरेन्द्र सिंह बिष्ट एवं देवेन्द्र सिंह बिष्ट के माध्यम से राजकीय संग्रहालय, अल्मोड़ा को उपलब्ध कराया गया। उक्त कोरा (खड़ग/खांग) प्राप्त करने हेतु चन्दन सिंह जीना एवं राजकीय संग्रहालय, अल्मोड़ा से सुरेन्द्र सिंह एवं जन्मेजय तिवारी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## यात्रियों को हर हाल में कराएं जाएं सुगम एवं सरल दर्शन: जावलकर

रुद्रप्रयाग। सचिव गृह दिलीप जावलकर ने सोमवार को केदारनाथ धाम की यात्रा पर आ रहे तीर्थयात्रियों की सुविधा और अनेक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को केदारनाथ आने वाले यात्रियों के लिए सुगमता से दर्शन और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। जावलकर ने जिलाधिकारी सौरभ गहरवार और पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे के साथ अब तक की गई यात्रा तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। जिला कार्यालय में बैठक के दौरान जावलकर ने निर्देश दिए कि तीर्थयात्रियों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं। इसके लिए उचित प्रबंधन किए जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कतें न हो। धाम में दर्शन की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग के संवेदनशील क्षेत्रों में और भूस्खलन वाले क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के साथ उचित प्रबंधन हों ताकि बारिश या अन्य स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा के साथ ही उन्हें जाम में न फंसना पड़े। यात्रियों की संख्या को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुधारने के भी निर्देश दिए।

## देवप्रयाग के अन्नपूर्णा मेले में उमड़ी लोगों की भीड़

नई टिहरी। वैशाख माह में होने वाले थौल मेलों का सोमवार को तुंगणी के ऐतिहासिक अन्नपूर्णा मेले के साथ यहां समापन हो गया। आखिरी थौल होने से नगर से लेकर गांवों तक की भारी भीड़ यहां उमड़ी।करीब 49 वर्ष पूर्व पशुबलि जैसी बर्बर कुप्रथा के खिलाफ अन्नपूर्णा मेले की शुरुआत हुई थी। प्रसिद्ध विद्वान स्व. आचार्य चक्रधर जोशी व समाजसेवी भारती सिंह ने तमाम विरोधों के बावजूद इस ऐतिहासिक मेले को शुरू किया था। अन्नपूर्णा मेले के प्रभाव से क्षेत्र के अन्य थौल मेलों में भी पशुबलि जैसी प्रथा धीरे-धीरे बन्द हो गयी। तीर्थनगरी के निकट आयोजित इस मेले में नगर वासियों व ग्रामीणों ने क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए मां अन्नपूर्णा की पूजा-अर्चना की। जबकि ढोल नगाडों के साथ मन्दिर में देवी का ध्वज फहराया गया। मेले में सहारनपुर, हल्द्वानी, रुड़की, काशीपुर, हरिद्वार आदि से बड़ी संख्या में दुकानदार पहुंचे थे। सुहागन महिलाओं में चूड़ी, बिंदी लेने, बच्चों में चरखी, जंपिंग खेलने व युवाओं में टैटू बनवाने की होड़ मची रही। वहीं मेले में आये लोगों ने जलेबी, पकोड़ी, आइसक्रीम का भी खूब आनंद उठाया। धूलभरी आंधी व बारिश से मेले में अफरा तफरी भी बनी।

## इंटर में अखिल और हाईस्कूल में अभिषेक पंवार रहे अव्वल

नई टिहरी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं कक्षा का सोमवार को परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने शिक्षकों और सहपाठियों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। 12वीं की परीक्षा में न्यू टिहरी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अखिल डंग ने 98.2 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में टॉप किया है। वहीं 10वीं की परीक्षा में सेंट एंथोनी पब्लिक स्कूल के अभिषेक पंवार ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद में टॉपर बने। परीक्षा में न्यू टिहरी इंटरनेशनल, सेंट एंथोनी, जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों का दबदबा देखने को मिला। न्यू टिहरी इंटरनेशनल स्कूल की प्रबंधक शालिनी जॉली, प्रधानाचार्य प्रवीन भट्ट, परीक्षा प्रभारी देवाशीष उनियाल ने बताया कि 12वीं में सभी 77 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण रहे। अखिल डंग ने 98.2 प्रतिशत, आयुषी भट्ट ने 95.2, आन्या 95, गरिमा पंवार, आदर्श सिंह नेगी व सार्थक सेमवाल 94.2, प्रभव सेमवाल 94 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। 12 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। जबकि 10वीं में 96 प्रतिशत अंक के साथ मिर्जा इर्फा बेग स्कूल टॉपर बनी। सक्षम पंवार 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। सभी 63 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। सेंट एंथोनी पब्लिक स्कूल के निदेशक गौतम बिष्ट, प्रधानाचार्य अनिल सेमल्टी, दाताराम जुयाल ने बताया कि इंटर में सभी 82 छात्र सफल रहे। 92 प्रतिशत अंक के साथ आदित्य रावत टॉपर बने। हाईस्कूल में सभी 123 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से पास हुए। 97 फीसदी अंकों के साथ अभिषेक पंवार टॉपर, 96 प्रतिशत अंकों के साथ आदित्य वैभव भट्ट द्वितीय, साहिल रावत 94.2, तरूत्तर बिष्ट, शगुन पंवार, आराध्य उनियाल, अंशुल रावत ने 94-94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## केवि नई टिहरी में कृष्णा रावत और नंदिनी रहे अव्वल

नई टिहरी। सीबीएसई 12वीं में केंद्रीय विद्यालय नई टिहरी नगर का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। 12वीं कॉमर्स में 19 और साइंस में 24 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। जिसमें सभी पास हुए हैं। शत-प्रतिशत रिजल्ट के लिए प्रधानाचार्य प्रदीप चंद्र थपलियाल सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं और छात्रों को शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य ने बताया कि 12वीं साइंस में कृष्णा रावत ने 89.6 प्रतिशत पाकर कॉलेज टाप किया है। जबकि प्रांजल ने 86.8 प्रतिशत और आंचल चौहान ने 85.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। साइंस के सभी 25 छात्र उर्तीण हुए हैं। इसी तरह से कॉमर्स में नंदिनी ने 85.4 प्रतिशत अंक हासिल कर कालेज में अव्वल स्थान बनाया है।

# एजेंसियों पर गैस चोरी करने का आरोप लगाया

हरिद्वार। महानगर व्यापार मंडल ने सोमवार को जिलापूर्ति अधिकारी तेज बल सिंह से एलपीजी सिलेंडर से गैस की रिफिलिंग कर गैस चोरी को रोकने की मांग की है। साथ ही, हरिद्वार की जनता और व्यापारियों से एलपीजी गैस सिलेंडर को तोल कर लेने की अपील की है। व्यापार मंडल का आरोप है की घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों से बड़ी मात्रा में रिफिलिंग कर गैस की चोरी की जाती है। महानगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील सेठी ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया की व्यापार मंडल ने डीएसओ से हॉकर्स के सिलेंडरों की नियमित रूप से जांच करने की मांग की है।

## काफल तोड़ रही महिला की पेड़ से गिरकर मौत

पिथौरागढ़। जिले के बंगापानी तहसील के ग्राम पंचायत जारा जिवली में काफल तोड़ने गई महिला की पेड़ से गिरकर मौत हो गई। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार जारा जिवली गांव निवासी बीते रविवार को देर शाम गांव की महिलाओं के साथ काफल तोड़ने जंगल गई थी। काफल तोड़ते समय अचानक टहनी टूटने से वह नीचे पथरीली जमीन पर गिर गई। इससे नीमा देवी की मौके पर ही मौत हो गई। नीमा के परिवार में पति व दो छोटे बच्चे हैं उनके पति पुष्कर सिंह प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं।


## धूप खिलने से लोगों को मिली राहत

पिथौरागढ़। जिला मुख्यालय व उसके आस पास के क्षेत्रों में धूप खिलने से लोगों को सुकून मिला है। बीते दिवस नगर में शीत लहर व तेज बारिश होने से ठंड में इजाफा हो गया था। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी। सोमवार सुबह धूप खिलने से लोगों को ठंड से राहत मिली। आपदा कंट्रोल से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह नगर का अधिकतम तापमान 26 डिग्री व न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहा।

## देवलथल में मीडिया लिटरेसी कार्यशाला हुई संपन्न

पिथौरागढ़। राजकीय इंटर कालेज देवलथल में मीडिया लिटरेसी कार्यशाला आयोजित हुई। बीते रविवार को कार्यशाला के दूसरे दिन बच्चों को विडियो बनाना व एडिटिंग करना सिखाया गया। इस मौके पर बच्चों ने विद्यालय परिवेश से जुड़े विभिन्न विषयों पर ग्राउंड रिपोर्टिंग कर विडियो स्टोरी तैयार करी। प्रधानाचार्य कुंदन सिंह धामी ने कहा कि यह कार्यशाला बच्चों के लिए बच्चों के लिए उपयोगी साबित होगी।

# संपादकीय



## पीएम की मुस्लिम अपील

बीते दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ टीवी चैनलों को साक्षात्कार दिए थे। उनमें उन्होंने मुसलमानों को 'आत्मचिंतन' करने की अपील की थी और नसीहत भी दी थी। यह पहला मौका है कि देश के प्रधानमंत्री को मुसलमानों की इस तरह मनुहार करनी पड़ी है। प्रधानमंत्री ने किसी पार्टी का वोट बैंक या बंधक बनने के बजाय खुले दिमाग से सोचने की नसीहत भी दी है। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि एक सीधी लकीर की तरह वोट देना और वह भी हिंदू वर्चस्व या हिंदू-विरोध के नाम पर भाजपा जैसे राष्ट्रवादी दलों के खिलाफ मुसलमानों का वोट करना एक गलत और पूर्वाग्रही ट्रेंड है। मौजू सवाल है कि चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री को मुसलमानों को, एक हद तक, मनाने या अपील करने को बाध्य क्यों होना पड़ा? हिंदू-मुस्लिम का चुनावी विभाजन तो 'जनसंघ' के दौर से रहा है। पहले जनसंघ और बाद में भाजपा बुनियादी और वैचारिक तौर पर हिंदूवादी पार्टी रही है। यह दीगर है कि अच्छी तादाद में मुसलमान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दौर में भी भाजपा को वोट देते थे और आज प्रधानमंत्री मोदी के सूत्रवाक्य-'सबका साथ, सबका विकास...' का समर्थन करते हुए 12-15 फीसदी मुसलमान भाजपा के पक्ष में वोट कर रहे हैं, लेकिन वह कभी भी 'निर्णायक' साबित नहीं हुआ। यकीनन देश की आजादी के बाद कांग्रेस अधिकांश समय सत्तारूढ़ रही। 1951 से 1975 तक तो कांग्रेस को कोई चुनौती ही नहीं थी, लिहाजा उसने अपनी चुनावी रणनीति के तहत मुसलमानों को 'वोट बैंक' की तरह बांधे रखा और दलितों, आदिवासियों, कुछ पिछड़ी जातियों में भी कांग्रेस के जनाधार बनाए। हालांकि केंद्र में वाजपेयी सरकार के 6 साल और मोदी सरकार के 10 साल के अलावा या तो कांग्रेस सत्ता में रही है अथवा बाहरी समर्थन से लड़खड़ाती सरकारें बनवाई हैं। दरअसल जब कांग्रेस से अलग होकर या उसका विरोध करते हुए क्षेत्रीय दलों के उभार का दौर आया, तो मुसलमान सपा, बसपा, राजद और तृणमूल कांग्रेस आदि क्षेत्रीय दलों की ओर भी ध्रुवीकृत हुए। नतीजतन मुस्लिम वोट बंटते रहे हैं, लेकिन मुस्लिम आज भी मानसिक तौर पर कांग्रेस के साथ हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'आत्मचिंतन' की नसीहत इसलिए दी है, ताकि मुसलमान सोच सकें कि जिन्होंने उन्हें वोट बैंक का बंधक बनाए रखा, उन्होंने आखिर क्या दिया है? मुसलमानों को क्या फायदे मिले हैं? इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने 1992 के कथित बाबरी मस्जिद विध्वंस, 2002 के गोधरा सांप्रदायिक दंगों का जिक्र किया है। किसी प्रधानमंत्री ने शायद यह भी पहली बार कहा है कि यदि एक सांप्रदायिक वृत्तांत गढने की कोशिश न की गई होती और मुसलमानों के रहनुमा बनकर अपने खेमे में बांधे रखने की सियासत नहीं की गई होती, तो ये दोनों दौर उतने भयावह न होते! उप्र के मुख्यमंत्री के तौर पर मुलायम सिंह को 'रामसेवकों' पर गोलियों की बौछार नहीं करनी पड़ती! प्रधानमंत्री ने तीन तलाक से लेकर शाहबानो तक के संदर्भ भी उठाए हैं। 'सच्चर कमेटी' के निष्कर्षों का भी जिक्र किया, लेकिन रंगनाथ मिश्रा आयोग का हवाला देने भूल गए अथवा उसे जरूरी नहीं समझा। उसी आयोग ने अनुशंसा की थी कि धार्मिक आधार पर भी आरक्षण दिया जा सकता है। मुसलमानों को अल्पसंख्यक के तौर पर 15 फीसदी में से 10 फीसदी आरक्षण दिया जाए। आयोग ने ओबीसी आरक्षण में से मुसलमानों को आरक्षण मुहैया कराने का भी रास्ता सुझाया था। बहरहाल संसद ने इस आयोग की सिफारिशें पारित नहीं होने दीं। दरअसल आज यह सवाल नहीं, बल्कि हकीकत है कि औसत मुसलमान को गरीबी, अशिक्षा, बदहाली और भुखमरी ही मिली।

दैनिक न्यूज़ वायरस

संपादक : मो.सलीम सैफी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मो.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002

RNI No. : UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com

Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## भेलकर्मी ने हाथ की नस काटकर देनी चाही जान भेलकर्मी ने हाथ की नस काटकर देनी चाही जान

हरिद्वार। भेलकर्मी ने सोमवार को अपने हाथ की नस काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भेलकर्मी को भेल अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के बाद उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह दस बजे भेलकर्मी समयदीन पुत्र सिराजुद्दीन निवासी सेक्टर चार ने कोतवाली पहुंचकर सूचना दी कि उसके दोस्त आलोक शर्मा निवासी कमरा नंबर 386 सेक्टर तीन ने अपने हाथ की नस काट ली है। सूचना मिलने पर हेड कांस्टेबल कुम्पाल सिंह तोमर मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने दरवाजे की कुंडी तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां देखा कि भेलकर्मी ने अपने हाथ की नस काटी हुई थी। पुलिसकर्मी बेसुध भेलकर्मी को लेकर भेल अस्पताल पहुंचे, जहां उसका उपचार शुरू किया गया। प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया कि भेलकर्मी का अपने एक सहकर्मी से विवाद चला आ रहा है। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि भेलकर्मी की हालत खतरे से बाहर है। स्वास्थ्य में सुधार होने पर उससे बातचीत की जाएगी।

## मामूली विवाद में युवक को पीटा

हरिद्वार। मामूली विवाद में एक युवक की पिटाई कर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष ने सोमवार को शहर कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। हरकी पैड़ी के पीपल वाली हवेली निवासी केशव पचभईया ने शहर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 मई की रात घर वापस लौट रहा था। नाईघाट पर पहुंचते ही सामने से आ रहे अभिषेक निवासी बैरागी कैंप ने उसे गाली दी और सामने से हट जाने की बात कही। विरोध करने पर उसने अपने चार साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि उसे बुरी तरह पीटा गया। इसके बाद धारदार हथियार से हमला किया गया। उसके मौके पर बेहोश हो जाने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ता महानगर कांग्रेस कमेटी को करेगें आवेदन

हरिद्वार। महानगर कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को रेलवे रोड पर मुरलीमल धर्मशाला में बैठक कर नगर निगम चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की। बैठक में निकाय प्रभारी ने कहा कि निकाय चुनाव चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ता कमेटी के पास आवेदन कर सकते हैं। बैठक में मुख्य रूप से निकाय प्रभारी वीरेंद्र पोखरियाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से नगर निगम चुनाव मजबूती से लड़ने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता ओपी चौहान ने की। महानगर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग और मुरली मनोहर ने कहा कि आगामी निकाय चुनाव में कांग्रेस अधिक से अधिक वार्डों में जीतेगी। साथ ही मेयर पद पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी।

## मकान नाम करो, वरना गोली से उड़ा देंगे

हरिद्वार। मकान नाम करने पर गोली से उड़ा देने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर सोमवार को सिडकुल पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है। नवोदय नगर की बदरी विशाल कॉलोनी निवासी मोनू कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 मई को उनकी गैर मौजूदगी में घर पर दो व्यक्ति आ धमके। आरोप है कि उन्होंने घर की वीडियोग्राफी शुरू कर दी। इसके साथ ही ताले तोड़ने में जुट गए। आरोप है कि एक शख्स ने उसे फोन कॉल कर अपना नाम मुमताज पहलवान निवासी सहारनपुर बताया।

# संक्षिप्त खबरें

## ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

हरिद्वार। ब्राह्मण समाज के इष्ट देव भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में सोमवार को भेल क्षेत्र में ब्राह्मण जागृति संस्था सहित ब्राह्मण संस्थाओं ने भव्य शोभायात्रा निकाली। हरिद्वार की समस्त ब्राह्मण संस्थाओं के पदाधिकारियों की ओर से भगवान परशुराम का पूजन कर सभी विप्र जनों को तिलक लगाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया।शोभायात्रा का आरम्भ शिवालिक नगर शिव मंदिर से होकर, भेल मध्य मार्ग भगतसिंह चौक, परशुराम चौक होते हुए परशुराम घाट पर समापन हुआ। इसमें परशुराम अखाड़े द्वारा शस्त्र विद्या का प्रदर्शन किया गया। इसमें मुख्य रूप से अधीर कौशिक का सराहनीय योगदान रहा। शोभायात्रा में धार्मिक जीवंत झांकियों, ढ़ोल और डीजे पर भजन आकर्षण का केंद्र रहे।

## सीमित दायरे में ही चले हरिद्वार में ई रिक्शा: ऑटो यूनियन

हरिद्वार। ऑटो विक्रम महासंघ हाईवे में ई रिक्शा पर रोक लगाने पर सोमवार को बैठक कर प्रशासन का आभार जताया।साथ ही ट्रैफिक पुलिस को ज्ञापन भी सौंपा। महासंघ अध्यक्ष सुरेश कुमार राणा, महामंत्री राजेश भट्ट ने ई रिक्शा इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा के नए रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाने की मांग की। पोस्ट ऑफिस ऑटो यूनियन के अध्यक्ष नरेश शर्मा ने कोतवाली से हरकी पैड़ी क्षेत्र तक ई रिक्शा को सीमित दायरे में चलाने की मांग की। बैठक में ऑटो ऑटो यूनियन भीमगोड़ा राजेंद्र प्रधान, जाकेश गिरी, कुलदीप सैनी, महबूब शाह, पंकज चौहान, सुरेंद्र यादव, बबलू, संजीव त्यागी, संजीव कुमार, सुंदर पाल आदि मौजूद रहे।

## हरिद्वार में डीपीएस के अक्षत सिंह और डीएवी के प्रखर जैन ने किया टॉप

हरिद्वार। सीबीएसई बोर्ड के 12वीं के रिजल्ट में हरिद्वार के डीपीएस और डीएवी के छात्रों ने टॉप किया है। दोनों ही छात्रों ने 98.6 फीसदी के साथ 493 अंक हासिल किए है। प्रदेश की सूची में हरिद्वार के पांच अभ्यर्थियों ने बाजी मारी है जबकि प्रदेश में रुड़की की सौम्या चौहान ने टॉप किया है। इंटर में दिल्ली पब्लिक स्कूल रानीपुर के अक्षत सिंह और डीएवी कनखल के प्रखर जैन ने टॉप किया है। दोनों ही अभ्यर्थियों ने प्रदेश की सूची में चौथा स्थान हासिल किया है। इसके अलावा पुलिस मार्डल स्कूल की ऐना शर्मा, पतंजलियोग पीठ आचार्य कुलम के अजय नारायण, लक्सर पीपली के जमदग्नि पब्लिक स्कूल के अभिवन शर्मा ने भी प्रदेश की सूची में स्थान हासिल किया है। ऐना, अजय और अभिनव ने सूची में पांचवां स्थान हासिल किया गया है।

## नाबालिग से सिडकुल में दुष्कर्म, केस दर्ज

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर जबरन दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म, पोक्सो सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। सोमवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, सिडकुल क्षेत्र की एक कंपनी में कार्यरत महिला ने थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत दी। बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को कड़च्छ ज्वालापुर निवासी मुकुल पिछले एक साल से बहला-फुसला रहा था। उसने उससे दोस्ती कर ली। इसके बाद उसे बुलाकर जबरन उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर किसी को कुछ भी बताने पर हत्या कर देने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच महिला उप निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट को सौंपी। जांच के बाद सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। कार्यवाहक थाना प्रभारी मनीषा नेगी ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## उत्तराखंड संस्कृत विवि में आदि गुरु शंकराचार्य शोधपीठ स्थापित

हरिद्वार। उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय में सोमवार को आदि जगद्गुरु शंकराचार्य के जन्मोत्सव पर श्री शंकराचार्य शोधपीठ की विधिवत रूप से स्थापना की गई। इस अवसर पर आदि गुरु शंकराचार्य की सांस्कृतिक यात्रा विषय पर राष्ट्रीय ऑनलाइन संगोष्ठी भी हुई। इसका शुभारंभ महामंडलेश्वर स्वामी हरि चेतनानंद महाराज, मुख्य वक्ता धर्मसंघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश भट्ट, कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र शास्त्री और कुलसचिव गिरीश कुमार अवस्थी ने किया। डॉ. भट्ट ने आदि जगद्गुरु शंकराचार्य के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि आदि शंकराचार्य अद्वैत वेदांत के प्रणेता, संस्कृत के विद्वान, उपनिषदों के व्याख्याता और सनातन धर्म के सुधारक थे। उन्होंने सनातन परंपरा को पूरे देश में फैलाने के लिए भारत के चार कोनों में चार मठों की स्थापना की। उनके विचारोपदेश आत्मा और परमात्मा की एकरूपता पर आधारित हैं।

## हरिद्वार में बनेंगे एथेनिक विलेज

हरिद्वार। हरिद्वार के देहात क्षेत्र में एथेनिक विलेज बनाए जाएंगे। डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने सोमवार को कलक्ट्रेट में बैठक कर इस बारे में निर्देश जारी किए हैं। साथ ही धर्मनगरी हरिद्वार के कई क्षेत्रों को चिन्हित कर सौंदर्यकरण कर सुंदर और आकर्षक बनाने के आदेश दिए हैं। डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में रोशनाबाद कार्यालय कक्ष में एचआरडीए तथा सिंचाई विभाग की बैठक संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों का सौंदर्यकरण कराकर सुंदर और आकर्षक बनाया जाए। जिससे कि जनपद में आने वाले श्रद्धालु एवं पर्यटक सुखद अनुभव तथा यादें लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि जनपद में पर्यटन विकास हेतु अवस्थापना विकास सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने एचआरडीए के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्षा ऋतु से पूर्व बरसाती पानी को एकत्र करने के स्थान चिन्हित कर लिया जाये, उन्होंने कहा कि प्राचीन पौराणिक स्थलों, नहर पट्टी, यदि वहाँ पर अवैध अतिक्रमण है तो उसे शीघ्र खाली करवाया जाए।

## महामंडलेश्वर का अवतरण दिवस मनाया

हरिद्वार। महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती का अवतरण दिवस एक आश्रम में संत महापुरूषों के सानिध्य और भक्तों की उपस्थिति में सादगी से मनाया गया। विभिन्न अखाड़ों के संत महापुरुषों और भक्तों ने महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती पर पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर उन्हें अवतरण दिवस की शुभकामनाएं दी। पूर्व गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती ने कहा कि महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती महाराज विद्वान एवं तपस्वी संत हैं। इस मौके पर स्वामी रविदेव शास्त्री, महंत सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी दिनेश दास, संजीव चौधरी, उज्जवल पंडित, अनिल पुरी ने शुभकामनाएं दी।

# एसएसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर चले वृहद सत्यापन अभियान में किया लाखों का चालान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 14 मई : एसएसपी लोकेश्वर सिंह द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में श्रमिकों, किरायेदारों, घरेलू नौकरों, फड़फेरी, मजदूरों, छात्रों, बाहरी व्यक्तियों व संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों के सत्यापन की कार्यवाही हेतु कड़े निर्देश दिये गये हैं।

जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में वृहद स्तर पर सत्यापन अभियान चलाकर श्रमिकों एवं किरायेदारों, घरेलू नौकरों, फड़-फेरी, मजदूरों, बाहरी व्यक्तियों, छात्रों व संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों में से 107 किरायेदारों, 144 मजदूरों एवं 69 रेड़ी ठेली वालों के सत्यापन की कार्यवाही की गयी। सत्यापन न करने वाले 11 मकान मालिकों के विरुद्ध उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम की धारा- 83 के तहत रु0 10-10

- सत्यापन न कराना 11 मकान मालिकों को पड़ा भारी, पौड़ी पुलिस ने जुर्माना लगाकर निभायी जिम्मेदारी
- आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु पौड़ी पुलिस का सत्यापन अभियान लगातार जारी रहेगा

हजार/- के चालान (कुल 1,10,000/- रूपये) माननीय न्यायालय को प्रेषित किये गये साथ ही 12 व्यक्तियों के विरूद्ध उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम की धारा- 81 के तहत चालानी कार्यवाही करते हुये रू0 3000/- का जुर्माना वसूला गया।





## नशा तस्करों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा : एसएसपी लोकेश्वर सिंह

पौड़ी 14 मई : मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष-2025 तक उत्तराखंड को नशा मुक्ति ("ड्रग्स फ्री देवभूमि") बनाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में बढते नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने एवं नशा तस्करी की रोकथाम के लिये पौड़ी पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है, नशा तस्करों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जा रही है।इसी क्रम में कोतवाली लक्ष्मणझूला पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त कमल को 250 ग्राम अवैध चरस मय स्कूटी नम्बर-UK14- 7385 के साथ लक्ष्मण झूला क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जिस संबंध में अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली लक्ष्मणझूला पर NDPS के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

अभियुक्त का विवरण

कमल पुत्र सुरेंद्र, निवासी-गंगा नहर, थाना-ऋषिकेश देहरादून।

बरामद माल 1. 250 ग्राम अवैध चरस। 2. स्कूटी संख्या UK 14 7385

पुलिस टीम 1. वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिल चौहान 2. उपनिरीक्षक राज विक्रम 3. मुख्य आरक्षी रोहित 4. आरक्षी पंकज




- एसएसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में नशा तस्करों के विरुद्ध पौड़ी पुलिस की कार्यवाही अनवरत जारी

## एसएसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही

- अवैध रूप से शराब ले जाने वाले व अवैध रूप से ढाबे में शराब पिलाने वाले 02 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार।

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 14 मई : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में कोतवाली पौड़ी व लक्ष्मणझूला द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत सघन चैकिंग अभियान चलाते अवैध मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम, होटल/ढाबों, रेस्टोरेण्टों व दुकानों में अवैध रुप से शराब बेचने/ पिलाने वालों व धार्मिक/पर्यटक स्थलों पर हुड़दंग करने वालों पर निम्न कार्यवाहियाँ की गयी।




1. कोतवाली पौड़ी पुलिस टीम द्वारा दौराने चेकिंग केदार सिंह पुत्र गोविंद सिंह, निवासी ग्राम-बूंगा पट्टी बाली कंडारस्यू ब्लॉक पाबों को 14 बोतल अंग्रेजी शराब McDowell No- Whisky के साथ गिरफ्तार किया गया। जिस सम्बन्ध में कोतवाली पौड़ी पर 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

2. कोतवाली पौड़ी पुलिस टीम ने दौराने चैकिंग अर्जुन सागर पुत्र तुलाराम सागर, निवासी-दोगड़ी जिला-मारताड़ी आँचल सुदूर नेपाल, हाल-पौड़ी गांव को अपनी दुकान में लोगों को बैठाकर अवैध तरीके से शराब परोसने पर गिरफ्तार किया गया। जिस सम्बन्ध में कोतवाली पौड़ी पर मु0अ0स0- 29/24, धारा-60/68 आबकारी अधीनियम

3. कोतवाली लक्ष्मणझूला पुलिस टीम द्वारा लक्ष्मण झूला में गंगा नदी के किनारे नशे का सेवन कर हुड़दंग करने वाले 15 व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार उत्तराखंड पुलिस अधिनियम एक्ट के तहत कार्यवाही कर मर्यादा में रहने की हिदायत दी गयी।

## मॉडर्न स्कॉलर्स चंबा में आशीष और इशान्वी रहे अव्वल

नई टिहरी। मॉडर्न स्कॉलर्स एकेडमी चंबा का सीबीएसई 12वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह रावत ने रिजल्ट की जानकारी देते हुए बताया कि 12वीं में आशीष बेलवाल ने 92.6, संगीत रावत ने 92.4 और अनन्या पंवार ने 90.6 प्रतिशत अंक हासिल कर अव्वल रहे हैं। जबकि 10वीं की परीक्षा में इशान्वी नेगी ने 94.8, सृष्टी ने 90.2 और आस्था कुकरेती ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

## बीएड़ में प्रवेश को अब 20 तक करें आवेदन

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बीएड, बीपीएड, एमएड, एमपीएड प्रवेश परीक्षा की आवेदन फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी गई है।गढ़वाल विवि के परीक्षा नियंत्रक एवं प्रवेश परीक्षा के कोर्डिनेटर प्रो. अनिल कुमार नौटियाल ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए बताया कि सत्र 2024-25 की बीएड, बीपीएड, एमएड, एमपीएड प्रवेश परीक्षा के आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 20 मई तक बढ़ा दी गई है। प्रो. नौटियाल ने बताया कि सत्र 2023-2024 के स्नातक और स्नातकोत्तर सम सेमेस्टर के मुख्य और बैक पेपर के परीक्षा फार्म 1000 रुपये विलम्ब शुल्क के साथ 14 मई से 15 मई तक भरे जायेंगे। कहा कि महाविद्यालय एवं संस्थान परीक्षा आवेदन पत्रों का सत्यापन करने के पश्चात, आवेदन पत्र, प्रमाणित सूची एवं सांख्यिक आंगणन सहित विवि 17 मई तक जमा करना सुनिश्चित करें।

## बढ़ती गर्मी के साथ पेयजल किल्लत शुरू

श्रीनगर गढ़वाल। नगर निगम श्रीनगर के अंतर्गत वैद्य गांव, नकोट बिलकेदार, धनचड़ा और दिगोली गांव में बढ़ती गर्मी के साथ पेयजल किल्लत शुरू हो गई है। सोमवार को स्थानीय लोगों ने जल निगम के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन प्रेषित कर क्षेत्र के लिए नई पंपिंग पेयजल योजना बनाने की मांग की है।ज्ञापन में भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, जितेंद्र रावत, बिपेंद्र सिंह बिष्ट, विनोद बडोनी, गुड्डी देवी, शोभा बिष्ट, पूजा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र का वैद्य गांव, नकोट बिलकेदार, धनचड़ा और दिगोली गांव में गर्मियों का सीजन शुरू होते ही पेयजल किल्ल्त हो जाती है। कहा कि ग्रामीण गदेरे से आने वाले पानी से ही अपनी प्यास बुझाते हैं। कहा कि गर्मी शुरू होते ही पेयजल स्रोत में पानी कम हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को हैडपंप के सहारे पेयजल की आपूर्ति करनी पड़ती है। बताया कि बिलकेदार से एनआईटी और घुडदौड़ी इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए दो-दो अपलिफ्टिंग पेयजल योजना बनाई गई है, लेकिन क्षेत्र के लिए कोई भी योजना नहीं बनाई गई है। कहा कि पूर्व में क्षेत्रीय विधायक डा. धन सिंह रावत ने बिलकेदार क्षेत्र के लिए नयी पेयजल योजना बनाये जाने की घोषणा की थी। जिस पर विभाग सर्वे भी कर चुका है, किंतु एक साल बाद भी पेयजल योजना को लेकर कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गयी है। ज्ञापन देने वालों में सीया, हरदीप, सरिता देवी, पिंकी नेगी, संजय रावत, राकेश उनियाल, मोनू भट्ट, सुभाष बमराड़ा, अर्जुन बुटोला, अंकित रावत आदि मौजूद थे। उधर नगर निगम की एई दीक्षा नौटियाल ने बताया कि नगर निगम के क्षेत्रांर्गत बिलकेदार में कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने नई पेयजल पंपिंग योजना की घोषणा की थी।

## निकाय चुनाव को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से हिंद पब्लिक स्कूल में मुलाकात की ।आगामी नगर पालिका चुनाव को लेकर राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली, एक निजी स्कूलों में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि पार्टी ऐसे प्रत्याशी को टिकट देगी जो जनता के बीच लोकप्रिय हो पूरा संगठन मिलकर पार्टी द्वारा चुने हुए प्रत्याशियों को चुनाव लड़ाएगा।सभी दावेदारों को अपनी दावेदारी करने का पूरा अधिकार है पार्टी अपना सर्वे करा कर जनता के बीच मजबूत पकड़ रखने वाले जिताऊ प्रत्याशी को नगर पालिका चुनाव लड़वाएगी।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने नगर पालिका चुनाव को लेकर सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सभी पार्टी कार्यकर्ता नगर पालिका में छोटे मतदाताओं को वोटर लिस्ट में जोड़ने का काम करें ।पारदर्शी चुनाव के लिए नए मतदाताओं को वोटर लिस्ट में जोड़ना एवं फर्जी वोटरों को चिन्हित कर उनके नाम वोटर लिस्ट से हटाने का काम पार्टी कार्यकर्ताओं को करना है बैठक में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष जीवन धामी प्रदेश कार्यकारिणी, सदस्य रमेश चंद्र जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनी पोखरिया ,नंदन सिंह खड़ा, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, गंभीर सिंह धामी, भुवन जोशी किशोर जोशी, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, नीति सक्सेना, नीलू गुप्ता ,अनुपम शर्मा, अमित चिलकोती, गोपाल बोरा ,अमित प्रेम प्रकाश जोशी, गोकुल ओली ,प्रकाश आर्य, संजय पिलख्वाल ,अनीता ज्याला, सूरज धामी, भवानी भंडारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन जिला महामंत्री सतीश गोयल ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### अंतराष्ट्रीय झूला पुल के मरम्मत का कार्य पूरा

पिथौरागढ़। झूलाघाट में भारत नेपाल को जोड़ने वाले अंतराष्ट्रीय झूला पुल की मरम्मत का कार्य बीते दिवस पूरा हो गया। कुछ दिन पूर्व झूला पुल की एक बल्ली जोड़ से निकलकर नीचे आ गई थी। इससे दोनों देशों के नागरिकों के आवाजाही के लिए खतरा पैदा हो गया था। इसे देखते हुए लोनिवि ने झूला पुल की मरम्मत की।

### नौवीं की छात्रा ने की खुदकुशी

रुद्रपुर। नौवीं की एक छात्रा ने सोमवार दोपहर छत के कुंडे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। 14 वर्षीय सपना पुत्री स्व. कुलदीप निवासी गणेश मंदिर वार्ड ने अज्ञात कारणों के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। बाद में शव परिजनों को सौंप दिया। सपना की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

### दूषित पानी सप्लाई से आक्रोशित आवास विकास निवासियों ने किया उपजिलाधिकारी का घेराव

रुद्रपुर। आवास विकास में पिछले एक सप्ताह से जल संस्थान द्वारा हो रही दूषित पानी की सप्लाई के विरोध मे सोमवार को आवास विकास के निवासियों ने उपजिलाअधिकारी रविंद्र बिस्ट से मुलाकात की और गंदे पानी की समस्या को दूर कर स्वच्छ एवं साफ पानी की सप्लाई के लिए गुहार लगाई,उन्होंने कहा की आवास विकास में जगह-जगह हो रही पानी की पाइप लाइनों की लीकेज को ठीक किया जाए ताकि साफ पानी मिल सके।इस दौरान कामिल खान,अंकित पांडे, संदीप देवल, मुरारी लाल शर्मा,अजय तिवारी, संजय गुप्ता, जगदीश गायन, सर्वेश पाठक, अभय सिंह, किशन सिंह बिष्ट और नंदन सिंह बसेड़ा आदि उपस्थित रहे ।

### सार्वजनिक मार्ग में निर्माण करने का ग्रामीणों ने किया विरोध

रुद्रपुर। ग्राम सैजनी व पिण्डरी के ग्रामीणों ने रास्ते को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे। कहा है कि पिण्डारी, सैजनी बार्डर पर डामर रोड से लगभग 300 मीटर तक 12 फिट चौड़ा कच्चा रास्ता है। इसका 50 वर्षों से उपयोग होता आया है। आरोप लगाया कि कुछ लोग निर्माण कर मार्ग अवरुद्ध कर रहे हैं। सार्वजनिक मार्ग खोलने को कहने पर धमकाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने सार्वजनिक मार्ग को खोलने की मांग की। यहां ग्राम प्रधान मलपुरी राधा रानी, बीडीसी सदस्य रीना, सूरज सिंह, ज्ञान सिंह, आनंद सिंह, कुलदीप सिंह, रंजीता देवी, ओमवती, कुंवर सिंह, जसवंत सिंह, भगवान सिंह, प्रेम सिंह शामिल रहे।